---

01. भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की कड़ी आलोचना की।
02. वोटर अधिकार यात्रा के तहत अररिया में राहुल गांधी ने कहा–मतदाताओं के हितों की रक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है।
03. फल्गु और इसकी सहायक नदियों में आई अचानक बाढ़ से नालंदा और गयाजी जिले में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। जिला प्रशासन ने राहत कार्य तेज किया।
04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, गयाजी और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर किए गए अपमानजनक टिप्पणी की आलोचना की है। श्री प्रसाद ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि ऐसी भाषा का उपयोग इनकी हताशा को दर्शाता है।

———बाइट———

श्री प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर भरोसा नहीं इसलिए आयोग पर आधारहीन आरोप लगा रहे है।

———बाइट———

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया हैं कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के नाम पर मतदाताओं से अधिकार छीनने का प्रयास किया जा रहा है। वोटर अधिकार यात्रा के तहत अररिया में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी और गठबंधन

लोगों के मताधिकार की रक्षा करेगा। एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन की एकजुटता बरकरार है और विधानसभा चुनाव में जनसमर्थन उनके साथ है।

———बाइट———

इधर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भी चुनाव आयोग की कार्यशैली में पारदर्शिता नहीं दिख रही है।

———बाइट———

इस दौरान भाकपा—माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता ऋतुराज सिन्हा ने आज भोजपुर जिले के वामपाली में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल एसआईआर के नाम पर चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं।

---

भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार से किया हर वादा पूरा किया है। श्री रूडी ने सीतामढ़ी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दो हजार चौदह में प्रधानमंत्री ने सवा लाख करोड़ के पैकेज की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आज इससे कहीं अधिक बिहार को दिया गया है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के तहत अंठानवें प्रतिशत वोटरों से दस्तावेज प्राप्त हो चुके है। आयोग ने कहा

कि दावा और आपत्ति कराने के लिए आठ दिन शेष हैं। इस अवधि में नागरिक मतदाता सूची पर दावे और आपत्ति दर्ज कराने के साथ–साथ अपने ऐसे दस्तावेज भी जमा करा सकते हैं जो उन्होंने गणना प्रपत्र भरते समय नहीं दिए थे।

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक केवल सीपीआईएमएल की ओर से दस दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी है। हालांकि प्रमुख दल कांग्रेस और राजद की ओर से दावा–आपत्ति का कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख इक्कीस हजार एक सौ तैंतालीस** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से बारह **हजार पांच सौ बावन** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के **तीन लाख अट्ठाईस हजार** से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने कहा है कि भागलपुर में एक पाकिस्तानी महिला का नाम वोटर लिस्ट में पाये जाने के बाद उसे हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में स्थानीय बीएलओ को कार्रवाई करने के आदेश दिए गए है।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है। बांका में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि महागठबंधन के नेता लोकतंत्र के नही राजतंत्र के समर्थक हैं।

———बाइट———

श्री चौधरी ने दो हजार पांच में राज्य में एनडीए सरकार बनने के बाद अब तक की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज समाज का हर वर्ग अपनी स्थिति से खुश है और आगे बढ़ रहा है। सम्मेलन में जदयू नेता और सूचना जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, भाजपा विधायक रामनारायण मंडल समेत बड़ी संख्या में एनडीए घटक दलों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि सशस्त्र सीमा बल के जवानों की वीरता और कर्तव्य निष्ठा अतुलनीय है। मधुबनी के लदनिया प्रखंड अंतर्गत एसएसबी की अठारहवीं बटालियन में आयोजित समारोह में श्री राय ने नौ सीमा चौकियों–बीओपी भवन का उद्घाटन किया। श्री राय ने कहा कि एसएसबी ने सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने के साथ ही संकट के समय में प्रशंसनीय भूमिका निभाई है। श्री राय ने कहा कि केन्द्र सरकार एसएसबी को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

–––बाइट–––

इस अवसर पर एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद।

---

पड़ोसी राज्य झारखंड में अति भारी बारिश के कारण राज्य के दक्षिणी भागों से होकर गुजरने वाली फल्गु और उसकी सहायक नदियों में अचानक आई बाढ़ से जनजीवन पर भारी असर पड़ा है। नालंदा, जहानाबाद और गया जी जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी घूस जाने से संपत्ति को काफी नुकसान हुआ है। नालंदा के हिलसा प्रखंड और गयाजी के बोधगया में कई परिवारों को अपनी जमा पूंजी और संपत्ति भी सुरक्षित निकालने का मौका नहीं मिला। सतर्कता के कारण कई लोगों की जान बचाई गई है। खेतों में खड़ी फसल की भी काफी क्षति हुई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।

———————————————————————————

भारी बारिश के कारण राज्य से होकर गुजरने वाली गंगा, गंडक, बागमती समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के दीघाघाट, गांधी घाट और हाथीदह तथा मुंगेर में एक बार फिर बढ़ा है। पटना में विभिन्न स्थानों पर गंगा नदी खतरे के निशान के अत्यंत करीब बह रही है। वहीं, सोन और पुनपुन नदी में भी जबरदस्त उफान की स्थिति बनी हुई है।

———————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग रिपोर्ट की अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास में सबसे अधिक इक्यासी दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज कैमूर, रोहतास, गया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के अधिकांश भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान जताया है।

———बाइट———

———————————————————————————

पटना मे छब्बीसवें दिव्य कला मेले में देश भर के दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों की शिल्प कला का प्रदर्शन किया जा रहा है। गांधी मैदान में यह मेला 31 अगस्त तक चलेगा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में संयुक्त सचिव राजीव शर्मा ने आकाशवाणी से कहा कि इस मेले का उद्देश्य दिव्यांगजनों में उद्यमिता, रोजगार और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

———बाइट———

कुल जो सेल हुई है वो 20 करोड़ 62 लाख की अब तक सेल हुई है 25 मेलों में और 9 सौ 34 दिव्यांगजनों को लगभग 17 करोड़ से ज्यादा के लोन एनडीएफडीसी ने प्रोवाइड किये हैं। जो की इस कॉरपोरेशन का मुख्य काम है और इसके अलावा जॉब फेयर भी होंगे। जॉब फेयर में कंपनियां आती हैं तो उन जॉब फेयर के माध्यम से अब तक दिव्य कला मेलाओं में लगभग पौने तीन सौ दिव्यांगजन भाई–बहनों को नौकरियां भी मिली हैं।

---

राजगीर में उनतीस अगस्त से शुरू होने वाले पुरुष हॉकी एशिया कप के लिए तैयारियां अंतिम दौर में है। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए विभिन्न देशों की टीमें पहुंच रही है। आज जापान की टीम राजगीर पहुंची और अभ्यास सत्र में भाग लिया। एशिया कप में भारत समेत आठ देशों की टीमें भाग ले रही हैं।

---

कैमूर स्थित दुर्गावती जलाशय के करमचट डैम में आज से हाउस बोट सेवा शुरू हो गई है। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार ने सेवा का उद्घाटन किया। कश्मीर के डल झील की तर्ज पर शुरू की गई हाउस बोट सेवा से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर पर भी बढ़ेंगें।

---

राजभवन में आज एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा के तहत केरल का प्रमुख त्योहार ओणम मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने मलयाली समुदाय से जुड़े लोगों के साथ पर्व की खुशियां बांटी। राज्यपाल ने लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें बधाई दी। श्री खां पहले केरल के राज्यपाल रह चुके हैं।

---

दरभंगा जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में डूबने की घटना में छह लोगों की मृत्यु हो गई।

---

समस्तीपुर के कल्याणपुर प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में कल से विकसित भारत का अमृत काल–सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह साल, विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय संचार ब्यूरो सीबीसी कर रहा है।

---

मुंगेर जिले में सिंह नक्षत्र के रविवार के मौके पर श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। बबुआ घाट, कष्टहरणी घाट, सोझी घाट समेत विभिन्न घाटों पर महिलाओं ने पूजा–अर्चना की।

---

01. भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की कड़ी आलोचना की।
02. वोटर अधिकार यात्रा के तहत अररिया में राहुल गांधी ने कहा–मतदाताओं के हितों की रक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है।
03. फल्गु और इसकी सहायक नदियों में आई अचानक बाढ़ से नालंदा और गयाजी जिले में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। जिला प्रशासन ने राहत कार्य तेज किया।
04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, गयाजी और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त